भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

विज्ञापन सं. 06/2026 (भर्ती-I)

"सरकार ऐसे कार्यबल के लिए प्रयत्नशील है जिसमें महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की संख्या में संतुलन बना रहे और महिला अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित की जाती हैं। "

**भापअ केंद्र, मुंबई एवं विकिरण चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी), कोलकाता में सीधे भर्ती के माध्यम से निम्नलिखित वर्ग 'बी' (पैरा-मेडिकल) पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रारंभ तिथि और समय | 17.07.2026 (00.00 बजे) |
| ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय | 18.08.2026 (23.59 बजे) |

## I. पदों का विवरण

| पद कोड | पद का नाम | इकाई | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| डीआर -01 | वैज्ञानिक सहायक/सी (साइकोलॉजिस्ट) | भापअ केंद्र | अनारक्षित - 01 | न्यूनतम 60 % अंकों के साथ मनोविज्ञान में स्नातक + न्यूनतम 50% अंकों के साथ नैदानिक मनोविज्ञान या परामर्श मनोविज्ञान में विशेषज्ञता के साथ अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान/मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर। पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री हासिल करने के बाद कम से कम एक साल के हॉस्पिटल/क्लिनिकल अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| डीआर-02 | वैज्ञानिक सहायक/बी (पैथॉलॉजी) | भापअ केंद्र | अनारक्षित - 01 | न्यूनतम 60% अंक सहित बी.एस.सी. तथा उसके बाद मेडिकल लैब टेक्नॉलजी में न्यूनतम 60% अंक सहित स्नातकोत्तर डिप्लोमा (डीएमएलटी)<br>या<br>न्यूनतम 60% अंक के साथ बीएससी (मेडिकल लैब टेक्नॉलजी)। |
| डीआर-03 | वैज्ञानिक सहायक/बी (रेडियोग्राफी) | भापअ केंद्र | अनारक्षित - 02 | न्यूनतम 60% अंकों के साथ बी.एस.सी (रेडियोग्राफी)<br>या<br>न्यूनतम 50% अंकों के साथ बी.एस.सी + रेडियोग्राफी में एक वर्ष का डिप्लोमा। |
| डीआर-04 | वैज्ञानिक सहायक/बी (न्यूक्लिअर मेडिसिन टेक्नोलॉजिस्ट) | भापअ केंद्र & आरएमआरसी | अनारक्षित - 02 | न्यूनतम 60% अंक सहित बी.एस.सी. + न्यूनतम 50% अंक सहित डीएमआरआईटी/डीएनएमटी/डीएफआईटी (डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियो आइसोटोप टेक्नॉलजी/ नाभिकीय औषध प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा/संयुक्ति प्रतिबिंबन टेक्नॉलजी में डिप्लोमा)<br>अथवा<br>न्यूनतम 60% अंक सहित बी.एस.सी. ( एनएमटी) (नाभिकीय औषध टेक्नॉलजी) |
| | कुल पद | | **06** (अनारक्षित) | |

II. 18.08.2026 के अनुसार आयु सीमा, परिलब्धियां, सेवा वर्ग

| पद कोड | पद का नाम | सेवा वर्ग | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | आरंभिक वेतन (रु.) | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डीआर- 01 | वैज्ञानिक सहायक/सी (साइकोलॉजिस्ट) | बी | 7 | 44900 | 18 | 30 |
| डीआर- 02 | वैज्ञानिक सहायक/बी (पैथॉलॉजी) | बी | 6 | 35400 | 18 | 30 |
| डीआर- 03 | वैज्ञानिक सहायक/बी (रेडियोग्राफी) | बी | 6 | 35400 | 18 | 30 |
| डीआर- 04 | वैज्ञानिक सहायक/बी (न्यूक्लिअर मेडिसिन टेक्नोलॉजिस्ट) | बी | 6 | 35400 | 18 | 30 |
| आरंभिक वेतन के साथ ही केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार भत्ते देय होंगे। | | | | | | |

नोट: विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र अथवा समतुल्य प्रमाणपत्र में इंगित जन्म तिथि को ही स्वीकार किया जाएगा। इस विषय में किसी भी परिवर्तन के लिए बाद में प्रस्तुत अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

<u>अधिकतम आयु सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी :</u>

| | |
|---|---|
| 1. | विभागीय अभ्यर्थियों को जिन्होंने आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को, समान कार्यक्षेत्र अथवा संबद्ध काडर में न्यूनतम तीन वर्षों की सतत एवं नियमित सेवा पूरी की है, वे भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्राप्त करने के पात्र होंगे। |
| 2. | 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। |
| 3. | विधवा, तलाकशुदा महिलाएं तथा अपने पति से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाएं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, वे भारत सरकार के आदेशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए पात्र हैं। |
| 4. | मेधावी खिलाड़ी भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। |

III चयन की प्रक्रिया

| पद कोड | चयन प्रक्रिया |
|---|---|
| डीआर-01 से डीआर-04 | वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा। इस विषय में, यदि अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो इस अनुसंधान केंद्र के पास पात्र अभ्यर्थियों की छंटाई परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है। इस अनुसंधान केंद्र का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा। |

IV कार्य का स्वरूप

| पद कोड | पद का नाम | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|
| डीआर- 01 | वैज्ञानिक सहायक/सी (साइकोलॉजिस्ट) | स्वास्थ्य देखभाल दल के सदस्य के रूप में अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल एवं समुदाय आधारित मनोसामाजिक मूल्यांकन एवं मध्यस्थता। |
| डीआर-02 | वैज्ञानिक सहायक/बी (पैथॉलॉजी) | आपातकालीन प्रयोगशाला, फ्लेबोटोमी, क्लीनिकल पैथालाजी, बायोकेमिस्ट्री, हीमैटोलाजी, वायरोलाजी सुविधा सहित माइक्राबायोलाजी, ब्लड बैंक एवं इम्यूनोलाजी संबंधी प्रयोगशालाओं में शिफ़्टों में ड्यूटी करना। |
| डीआर-03 | वैज्ञानिक सहायक/बी (रेडियोग्राफी) | विभिन्न एक्स-रे मशीनों को संभालना। पोर्टेबल एक्स-रे, ऑपरेशन थिएटर एवं विशेष रेडियोलॉजिकल जांच में भाग लेने सहित सामान्य रेडियोग्राफी करना। कम्प्यूटरीकृत रेडियोग्राफी, डिजिटल रेडियोग्राफी, यूएसजी, सीटी, एमआरआई आदि जैसे प्रगत प्रतिबिंबन तरीकों का प्रहस्तन। |

| पद कोड | पद का नाम | कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|
| डीआर-04 | वैज्ञानिक सहायक/बी (नाभिकीय औषध प्रौद्योगिकीविद्) | **आरएमसी, भापअ केंद्र के लिए:** इन पदों के लिए भर्ती किए गए व्यक्तियों को नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकीविद्, नाभिकीय चिकित्सा भौतिक विज्ञानी, शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी तथा हमारे केंद्र में किए गए विभिन्न शोध अध्ययनों में भागीदारी के कर्तव्यों का पालन करना आवश्यक है। वह अपटेक प्रोब पर रेडियोआइसोटोप, गामा कैमरा एसपीईसीटी प्रणाली और एक पीईटी/सीटी स्कैनर का उपयोग करके विभिन्न अंगों के विभिन्न प्रकार के नाभिकीय चिकित्सा अध्ययन करेंगे। इन कर्तव्यों में रोगियों की तैयारी, प्रतिबिंबन उपकरणों के तहत स्थिति, उचित रेडियोभेषजिक का वितरण और प्रशासन, इंजेक्शन, डाटा अधिग्रहण और विश्लेषण शामिल हैं। वह प्रतिबिंबन उपकरणों का मूल्यांकन और प्रदर्शन आश्वासन भी करेंगे और नाभिकीय चिकित्सा अध्ययनों में उपयोग किए जाने वाले रेडियोधर्मी स्रोतों का प्रहस्तन करेंगे । वह एचबीएनआई के शैक्षणिक कार्यक्रमों जैसे एमडी (न्यूक्लियर मेडिसिन) पाठ्यक्रम और दो वर्ष के एमएससी में शिक्षण में भी शामिल होंगे। जैसे 1. नाभिकीय औषधि टेक्नॉलाजी एवं हॉस्पीटल रेडियो फार्मेसी (एनएमटी एवं एचआरपी) और 2. न्यूक्लियर मेडिसिन एंड मॉलिक्यूलर प्रतिबिंबन टेक्नॉलाजी (एनएम एंड एमआईटी) पाठ्यक्रम व्याख्यान देकर, प्रशिक्षुओं की देखरेख करना और प्रदर्शन/प्रयोग आयोजित करना। उन्हें रोगियों के विभिन्न समूहों पर विभागीय रूप से अनुमोदित शोध अध्ययन करने के अवसर भी मिलेंगे ताकि बेहतर निदान और रोगी की देखभाल को बेहतर बनाने के लिए तकनीकों में सुधार किया जा सके।<br>**आरएमआरसी, भापअ केंद्र (कोलकाता) के लिए:** इन पदों के लिए भर्ती किए गए व्यक्ति को नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकीविद्, नाभिकीय चिकित्सा भौतिक विज्ञानी, शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी और हमारे केंद्र में किए गए विभिन्न शोध अध्ययनों में भागीदारी के कर्तव्यों का पालन करना आवश्यक है। वह अपटेक प्रोब पर रेडियोआइसोटोप, गामा कैमरा एसपीईसीटी प्रणाली और एक पीईटी/सीटी स्कैनर का उपयोग करके विभिन्न अंगों के विभिन्न प्रकार के नाभिकीय चिकित्सा अध्ययन करेंगे। इन कर्तव्यों में रोगियों की तैयारी, प्रतिबिंबन उपकरणों के तहत स्थिति, उचित रेडियोभेषजिक का वितरण और प्रशासन, इंजेक्शन, डाटा अधिग्रहण और विश्लेषण शामिल हैं। वह प्रतिबिंबन उपकरणों का मूल्यांकन और प्रदर्शन आश्वासन भी करेंगे और नाभिकीय चिकित्सा अध्ययनों में उपयोग किए जाने वाले रेडियोधर्मी स्रोतों का प्रहस्तन करेंगे । |

## V विद्यमान अतिरिक्त लाभ :

नियमों के अंतर्गत यथा स्वीकार्य सामान्य वेतन एवं भत्तों के अलावा, परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी निम्नलिखित के भी हकदार हैं :

- उत्साहजनक कार्य का वातावरण
- पऊवि की योग्यता पदोन्नति योजना के अंतर्गत उच्चतर ग्रेडों पर पदोन्नति
- स्वयं तथा परिवार के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधा
- आकर्षक कार्यनिष्पादन संबंधी प्रोत्साहन
- आकर्षक व्यावसायिक उन्नयन भत्ता
- स्वयं एवं परिवार के लिए छुट्टी यात्रा रियायत
- शिशु शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति ।
- भारत सरकार के आदेशों के अनुसार विभागीय आवास की सुविधा

चयनित अभ्यर्थी, नियुक्ति होने पर, सरकारी आदेशों के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) या एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) द्वारा शासित होंगे ।

VI आवेदन कैसे करें :

| | |
|---|---|
| 1. | आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे । |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दिनांक **17.07.2026 to 18.08.2026** तक उपलब्ध रहेगी । |
| 3. | कृपया ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु वेबसाइट <recruit.barc.gov.in> पर जाएं । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट के होम पेज पर "How to apply" विकल्प पर क्लिक करके दिए गए निदेशों को पढ लें । |
| 4. | एक पद हेतु केवल एक ही आवेदन स्वीकार्य होगा । यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करना चाहता है तो प्रत्येक पद हेतु अलग से आवेदन तथा शुल्क का भुगतान करना होगा । |
| 5. | **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (18.08.2026) की प्रतीक्षा किए बिना ऑनलाइन आवेदन को पहले ही जमा कर दें ।** |

VII आवेदन शुल्क :

| | |
|---|---|
| 1. | आवेदन शुल्क – रु.150/- (एक सौ पचास रुपये मात्र) |
| 2. | आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही किया जाना है । |
| 3. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग को आवेदन शुल्क से छूट दी गई है । |
| 4. | आवेदन के प्रस्तुतीकरण के बाद आवेदन संख्या प्राप्त होगी। आवेदक को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा । ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि या उससे पहले शुल्क का भुगतान 'नहीं' करने पर आवेदन को अपूर्ण माना जाएगा और इस कारण आवेदन **रद्द कर दिया जाएगा** । |
| 5. | शुल्क के भुगतान हेतु अभ्यर्थी को 'My Account' मेन्यू में 'Make payment' विकल्प पर क्लिक करना होगा। आवेदन प्रस्तुत करते समय निर्मित आवेदन संख्या को ड्रॉप डाउन बॉक्स से चुना जा सकता है तथा **'Submit'** बटन दबाकर अभ्यर्थी, ऑनलाइन भुगतान करने हेतु अगले पृष्ठ पर जा सकते हैं। |
| 6. | आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश " Job Application→How to Pay Application Fee" मेन्यू के अंतर्गत दिए गए हैं। |
| 7. | एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और किसी अन्य भर्ती हेतु इसे बचाये नही रखा जा सकता है । |

VIII सामान्य शर्तें

| | |
|---|---|
| 1. | ऊपर दिखाई गई रिक्तियां अस्थायी एवं परिवर्तनशील हैं । विज्ञापन में दी गई रिक्तियों की भर्ती, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन हैं और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार, उन्हें नहीं भी भरा जा सकता है । |
| 2. | यह अनुसंधान केंद्र बिना किसी अतिरिक्त सूचना को जारी किए या बिना कोई कारण बताए, भर्ती की इस प्रक्रिया को भरने अथवा इसे निरस्त/सीमित/सुधार/परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । |
| 3. | जिन अभ्यर्थियों को **"प्रतीक्षा सूची"** की श्रेणी में रखा गया है, उन्हें नियुक्ति का प्रस्ताव केवल तब ही दिया जाएगा जब **"मुख्य सूची"** में सूचीबद्ध कोई अभ्यर्थी कार्यग्रहण नहीं करता है । प्रतीक्षा सूची के संचालन की वैधता चयन समिति की तैयारी की तिथि से या ऐसी किसी भी भर्ती को अधिसूचित करने के बाद, जो भी पहले हो, एक वर्ष होगी। |
| 4. | अनुभव की अवधि के साथ-साथ पात्रता संबंधी सभी मानदंड, जैसा कि विज्ञापन में निर्धारित किया गया है, को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (18.08.2026) से निर्धारित किया जाएगा । |
| 5. | अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने सभी सूचनाएं सही भरी हैं। जो अभ्यर्थी गलत सूचना भरते हैं, उन्हें लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त, भापअ केंद्र के पास किसी भी समय, किसी भी अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। |
| 6. | ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (18.08.2026) तक विज्ञापन में निर्धारित अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त नहीं की है, वे पात्र नहीं होंगे और उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है । |
| 7. | यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे विश्वविद्यालय/संस्थान, जो दूरस्थ शिक्षण व्यवस्था से **बीएससी** और एम.एससी जैसे विषयों की पढ़ाई करवातें हैं, वे दूरस्थ शिक्षा ब्यूरों (डीईबी-यूजीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त हों और तकनीकी विषयों के मामले में, ये विषय और साथ ही ऐसे संस्थान, जहां से उक्त अर्हता प्राप्त की गई हो, वे देश के शीर्षस्थ निकायों जैसे एआईसीटीई, एनसीटीई, मानव संसाधन विकास मंत्रालय आदि से मान्यता प्राप्त हों । |

| | |
|---|---|
| 8. | यदि विश्वविद्यालयों/बोर्ड द्वारा लेटर ग्रेड/सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए प्रदान किया जाता है, तो अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय/बोर्ड द्वारा अपनाए जाने वाले मानदंडों के अनुसार, उक्त ग्रेड/सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए के समतुल्य प्रतिशत को दर्शाना होगा ऐसा न करने पर, उक्त अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय, संबंधित संस्था से उक्त रूपांतरण का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। |
| 9. | विज्ञापन में उल्लिखित अपेक्षित योग्यता, अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्राप्त की गई शैक्षणिक योग्यता की घोषणा करनी होगी। |
| 10. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों को अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से अपनी जाति (अगर अनारक्षित रिक्ति हेतु आवेदन कर रहें हैं, तो भी) को दिखाना होगा और लिखित परीक्षा/साक्षात्कार (यथालागू) के समय निर्धारित प्रोफार्मा में अपनी जाति के संबंध में प्रमाण भी प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न करने पर, उन्हें अनारक्षित वर्ग की श्रेणी में मान लिया जाएगा और इसके पश्चात अभ्यर्थी द्वारा उनके समुदाय के परिवर्तन हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा । |
| 11. | अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी व मोबाइल नंबर होना चाहिए जिसे भर्ती की इस पूरी प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए। यह केंद्र निष्क्रिय मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी पर प्राप्त नहीं होने वाली किसी भी सूचना/संदेश के लिए जिम्मेदार नहीं होगा । |
| 12. | अभ्यर्थी कृपया केंद्र की वेबसाइट की नियमित रूप से जांच करते रहें। भर्ती से संबंधित सभी सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। वेबसाइट पर प्रदर्शित सूचना के बारे में यह माना जाएगा कि इसके माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित कर दिया गया है । |
| 13. | लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय, अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन और प्रवेश पत्र (जिसे वेबसाइट से डाउनलोड किया जाना है) के प्रिंट-आउट के साथ-साथ, अपने पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स/वोटर कार्ड) से संबंधित मूल दस्तावेज़ अपने साथ लाएं । इसके अलावा, अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लिखित सभी संबंधित दस्तावेज़ों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियां भी अपने साथ लाएं । |
| 14. | केंद्रीय/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों आदि में कार्यरत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के समय '**अनापत्ति प्रमाणपत्र**' प्रस्तुत करना होगा । ऐसा न करने पर उन्हें लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी । |
| 15. | लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मुंबई बाह्य अभ्यर्थियों को, नियमानुसार, उनके आने-जाने से संबंधित यात्रा भत्ता का भुगतान, सबसे कम दूरी वाले द्वितीय श्रेणी के रेलवे किराये के अनुसार किया जाएगा। हालांकि, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे अभ्यर्थी, जो पहले से ही केंद्रीय/राज्य सरकार की सेवाओं, केंद्रीय/राज्य सरकार के निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय सरकारी संस्थानों अथवा पंचायतों में कार्यरत हैं तथा लिखित परीक्षा/शारीरिक क्षमता मूल्यांकन परीक्षा हेतु रेलवे से यात्रा संबंधी रियायत ले चुके हैं, वे इस यात्रा भत्ता के पात्र नहीं होंगे ।<br>• यात्रा भत्ता से संबंधित प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिए <recruit.barc.gov.in>/Job Application/ Download Forms/TA claim form लिंक पर जाकर क्लिक करें।<br>• यात्रा भत्ता की प्रतिपूर्ति, अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के प्रमाणपत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति और टिकट/ई-टिकट और बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ/रद्द किए गए चेक की प्रस्तुति के पश्चात ही की जाएगी । |
| 16. | अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार (यथालागू) में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए, हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा का विकल्प दिया जाएगा। |
| 17. | अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार (यथालागू) के लिए **2** से **3** दिन के लिए मुंबई में ठहरने हेतु तैयार होकर आना होगा। |
| 18. | चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती, रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के आधार पर होगी। उन्हें **भारत के किसी भी हिस्से में और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में काम करना होगा।** इसके अलावा, ड्यूटी में शिफ्ट में काम करना, जिसमें दिन-रात की शिफ्ट, क्षेत्र से संबंधित कार्य (फिल्ड वर्क) और परिचालन क्षेत्रों में कार्य करना शामिल हो सकता है । |
| 19. | विभागीय परीक्षाओं के लिए तैयार किए गए सभी प्रश्न पत्र, प्रश्न बैंक, मॉडल उत्तर, मूल्यांकन योजनाएं और संबंधित परीक्षा सामग्री मूल बौद्धिक रचनाएँ हैं और विभाग की बौद्धिक संपदा का हिस्सा है । |

IX लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों की प्रतियां

| | |
|---|---|
| 1. | शैक्षणिक योग्यताएं, अनुभव (यथालागू) और तकनीकी योग्यताएं मूल और स्वप्रमाणित फोटोकॉपी का एक सेट (उचित अंक पत्र * द्वारा समर्थित जिन विषयों की परीक्षाएं दी गई, उन विषयों का उल्लेख सहित अंक सूची। (* सेमिस्टर/*वर्ष-वार अंक सूची एवं समेकित प्रमाणपत्र*) |
| 2. | जिन अभ्यर्थियों के पास एकीकृत पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र (इंटीग्रेटेड कोर्स सर्टिफिकेट) है, वे विज्ञापन में यथा उल्लिखित, विशिष्ट डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में सक्षम होना चाहिए। |
| 3. | जन्म तिथि/आयु संबंधी प्रमाण । |
| 4. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रमाणपत्र (**अनुलग्नक-1*** में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र होना चाहिए । उक्त समुदाय, उस राज्य के संबंध में, राष्ट्रपति जी के आदेशों में शामिल हुआ होना चाहिए ।) |
| 5. | अभ्यर्थियों का अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाणपत्र, नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र के साथ, केंद्र सरकार के निर्धारित प्रपत्र में, एक प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ होना चाहिए और उनकी जाति/समुदाय, केंद्रीय सरकार के अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल होनी चाहिए । अन्य पिछड़ा वर्ग के नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र की तिथि का निर्धारण, ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि (18.08.2026) से किया जाएगा । अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अनुलग्नक-2* में दिए गए प्रपत्र में अपने नॉन-क्रीमी लेयर की स्थिति के संबंध में एक स्व-घोषणा भी संलग्न करेंगे ।<br>आयु में छूट और आरक्षण के प्रयोजन हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणपत्र का अर्थ है "अन्य पिछडा वर्ग की श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थी जो क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं," जैसा कि भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-स्था.(एससीटी) में परिभाषित है और जो भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 09.03.2004 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004-स्था.(आरईएस), दिनांक 14/10/2008 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004 – स्था.(आरईएस), दिनांक 27/05/2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/1/2013-स्था (आरईएस) के अधीन संशोधित है और जिसका नवीनतम संशोधन, भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 13/09/2017 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/1/2013-स्था.(आरईएस) (अनुलग्नक-3* में दिए गए प्रपत्र के अनुसार) किया गया है। |
| 6. | महाराष्ट्र राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछ्ड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को दिनांक 23 मई 2001 को महाराष्ट्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित महाराष्ट्र अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां, विमुक्त जातियों, यायावरी जनजातियों, अन्य पिछ्ड़ा वर्ग और विशेष पिछ्ड़ा वर्ग (निर्गमन और सत्यापन का विनियमन) जाति प्रमाणपत्र अधिनियम, 2000 के अनुसार, छानबीन समिति द्वारा जारी वैधता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । |
| 7. | अधिकतम आयु सीमा में छूट का दावा करने वाले उम्मीदवारों को इससे संबंधित दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत करने में सक्षम होना चाहिए। |
| 8. | कोई अन्य संबंधित प्रमाणपत्र (यथालागू) । |
| 9. | अनुलग्नकों को केंद्र की वेबसाइट <recruit.barc.gov.in>पर जाकर <Job Application→ Download Forms>लिंक पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है । |
| | चेतावनी:<br>(i) केवल विज्ञापन में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करने मात्र से कोई भी अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं होगा । जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं होता है, उनके साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।<br>(ii) ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत सूचना के आधार पर अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा /साक्षात्कार हेतु लघूसूचीकृत किया जाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदन में दी गई सूचना सही है। यदि किसी भी चरण पर अथवा साक्षात्कार के समय यह पाया जाता है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना अथवा किया गया दावा झूठा है, तो उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और उनके विरुद्ध यथोचित कार्रवाई की जाएगी। |
| | **इस भर्ती संबंधी कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।** |
| | **जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हुआ है ,उनके अभिलेखों को चयन सूची बनने की तिथि के 6 माह के बाद नहीं रखा जाएगा।** |
| **किसी भी प्रकार की अनुयाचना / सिफ़ारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।** | |